## सार-समाचार

### ड्राइवर ने ट्रैफिक पुलिस गुमटी में तोड़फोड़ की, पुलिस ने किया गिरफतार

**गंगापुर सिटी** (निसं)। फव्वारा चौक पर रविवार को एक चौपहिया वाहन ड्राइवर ने यातायात पुलिस की गुमटी में घुसकर तोड़फोड़ की। ड्राइवर ने पुलिसकर्मियों से अभद्रता करते हुए चालान के कागजात भी फाड़ दिए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात व्यवस्था कुछ देर के लिए प्रभावित हुई। सूचना पर पहुंची उदेई मोड़ थाना पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। यातायात पुलिस फव्वारा चौक पर नियमित जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक एएसआई ने एक बोलेरो को रोका, जिस पर 'राजस्थान हाई कोर्ट' लिखा था। दस्तावेजों की जांच शुरू होते ही ड्राइवर भड़क गया। उसने खुद को विधायक और सांसद का करीबी बताते हुए पुलिसकर्मियों से बहस शुरू कर दी। यातायात शाखा के एएसआई कुशल कुमार ने बताया कि आरोपी ड्राइवर की पहचान छोटी उदेई निवासी हिमांशु पुत्र दयाल सिंह मीणा निवासी टोकसी के रूप में हुई है। हिमांशु पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों से अभद्रता करने का आरोप है। उदेई मोड़ थानाधिकारी बृजेश तंबर ने जानकारी दी कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

### सिंधी कॉलोनी की गलियो की सडके बदहाल, आमजन परेशान

**गंगापुर सिटी** (निसं)। स्थानीय सिंधी कॉलोनी के अंदर बनी गलियो की सडके टूटी फूटी होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा हैं। पूर्व पाषर्द राजेश गुलियानी, राजू पंजावी, सुभाष पंजावी, कपिल कुकरजा ने बताया कि कुछ समय पहले सिंधी कॉलोनी की मुख्य सडक तो बना गई लेकिन कॉलोनी के अन्दर बनी गलियो की सडके नहीं बनने से व मुख्य सडक के उची हो जाने से उनमें पानी भरा रहता है। कई बार शिकायत के बाद भी गलियो की सडको का निर्माण नहीं हो पा रहा है। गुलियानी ने बताया कि सिंधी कॉलोनी की पांच गलियो की हालत बद से बदतर है जहां से आमजन का निकलना दुश्वार हो रहा है। गुलियानी ने विधायक एवं आयुक्त नगर परिषद से सिंधी कॉलोनी की गलियो की सडको का निर्माण कराए जाने की मांग की है जिससे आमजन को राहत मिल सके।

आदिवास मीना पंच पटेल महापंचायत की बैठक संपन्न

### नशा मुक्ति को लेकर बनाई रणनीति

**गंगापुर सिटी** (निसं)। आदिवास मीना पंच पटेल महापंचायत की बैठक रविवार को मीन भगवान मंदिर डिवस्या रोड पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वी राज मीना ने की। बैठक में शहर व गांवो में बढते नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए एवं युवाओ को नशे से मुक्ति के लिए हर ग्राम स्तर पर नशा मुक्तिसमिति बनाने पर चर्चा की गई जो कि नशा की साम्रगी बेचने वाले एवं इनका सेवन करने वालो की लिस्ट बना कर उन पर ग्राम समितियो के माध्यम से सभी समाज के लोगो के सहयोग से पाबंदी लगाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बढती नशे की प्रवृति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। वहीं समाज में व्याप्त अन्य कुरूतियो पर भी चर्चा कर उनका निराकरण करने पर सहमति बनी। महापंचायत में प्रदेश सचिव अंगदलाल, महासचिव बृजलाल, कुम्हेर मीना, नेमीचंद डोब, रामकेश, हुकम चंद सहित मीना समाज के सैकडो लोग मोजूद थे।

### कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**करौली** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आ ान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को संगठनात्मक बैठक एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष घनश्याम मेहर ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम 18 मई को प्रात: 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय करौली में आयोजित होगा। इसमें पीसीसी पदाधिकारी, पूर्व जनप्रतिनिधि, ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्ष, अठिाम संगठनों के पदाधिकारी तथा कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### तनिष्क शर्मा का हुआ राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान आईआईएम मे चयन

**भरतपुर** (निसं)। कृष्णा कॉलोनी निवासी तनिष्क शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर की आईआईएम की प्रवेश परीक्षा सीएटी मे 97 प्रतिषत हासिल कर आईआईएम शिलोंग मे प्रवेश पा लिया है। इनके पिता सुनील शर्मा आई टी शिक्षा क्षेत्र से है और माँ सीमा शर्मा प्राध्यापिका है। तनिष्क अपनी सफलता का प्रमुखता से श्रेय अपने दादाजी स्व. मत्स्य कुमार शर्मा को देते है जिनके मार्गदर्शन आशीर्वाद से ये संभव हुआ, फिर अपने सभी मित्रो के सहयोग से। इनका कहना है स्वस्थ प्रतियोगिता जरूरी है जो इनकी अपनी ही छोटी बहिन तनिष्का शर्मा के साथ रहीं जिसने डीयू की प्रवेश परीक्षा क्यूसीईटी पास की और अभी डीयू के हंसराज कॉलेज मे है। इनका मानना है की स्टूडेंट्स सिर्फ अपने मार्क्स को सोच कर किसी विषय का चुनाव ना करें, भीड़ का हिस्सा ना बने, अपना एक साल भी बर्बाद ना करें, बहुत ऑप्शन है सफल होने के उन पर ध्यान दें, परिवार का पैसा, आपकी मेहनत, को सही इस्तेमाल करें, एक साल बर्बाद होगा तो फिर लाखों से पिछड़ जाएंगे। उच्च माध्यमिक सीबीएसई मे जीव विज्ञान मे 93 प्रतिषत के बाद भी नीट ऑप्शन ना चुन कर आईआईएम के लिए सोचा, ग्रेजुएशन भी हो गयी।

### मोक्षधाम में बनी गौरैया कॉलोनी, हरित बृज सोसायटी की अनूठी पहल

**भरतपुर** (निसं)। हरित बृज सोसायटी द्वारा मोक्षधाम परिसर में गौरैया संरक्षण हेतु 21 गौरैया घर लगाकर गौरैया कॉलोनी स्थापित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य तेजी से विलुप्त होती गौरैया के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करना रहा। सोसायटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि गौरैया संरक्षण के लिए यह एक प्रेरणादायक पहल है, जिससे पक्षियों को सुरक्षित आश्रय मिल सकेगा। महासचिव सतेंद्र यादव एवं दीपक शर्मा ने कहा कि सोसायटी लगातार प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। उपाध्यक्ष शीलम सिंह एवं अरुण जैन ने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में जीव-जंतुओं एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सोसायटी के विधि परामर्शी एस.सी. पितलिया ने आमजन से अपने घरों एवं मोहल्लों को गौरैया फ्रेंडली बनाने की अपील की। संयोजक अशोक गुप्ता एवं सहसंयोजक जगदीश शर्मा ने मोक्षधाम विकास कार्यों की जानकारी दी। वहीं गौरैया संरक्षण अभियान की संस्थापक कविता सिंह ने उपस्थित लोगों को अपने घरों में भी गौरैया घर लगाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में गौरैया संरक्षण समिति के वीरपाल सिंह, शोभा शर्मा तथा सोसायटी सदस्य श्रीभगवान शर्मा, भूपेश सिंह, मुरारी मुद्गल, संदीप शर्मा, भुवनेश, गौरव शर्मा सहित अनेक सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।

### डीग में 'मिशन बुनियाद' कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**डीग, भरतपुर** (निसं)। जिला परिषद डीग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा रॉकेट लर्निंग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत समिति सभागार डीग में 'मिशन बुनियाद' कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ उपनिदेशक सिखाराम और प्रशासनिक प्रभारी इंदु सक्सैना द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों पर पूर्व प्राथमिक शिक्षा की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाना तथा बच्चों के समग्र विकास के लिए नवाचारों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों पर संचालित होने वाली पूर्व प्राथमिक शिक्षा की गतिविधियों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने, बच्चों में प्रारंभिक सीखने की क्षमताओं को विकसित करने तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के कौशल संवर्द्धन पर चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि मिशन बुनियाद' के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों को शिक्षण गतिविधियों से जोड़ते हुए बच्चों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पहलें की जाएंगी। कार्यक्रम में उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारियों ने इस पहल को आंगनवाड़ी केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया तथा इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित कार्मिकों से सहयोग करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में सभी महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला पर्यवेक्षक और स्टाफ कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अजय यादव ने किया।

# भारत विकास परिषद की प्रान्त स्तरीय कार्यशाला एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आयोजित

■ कंजोली लाइन के पास भरतपुर में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा भरतपुर के सहयोग से सम्पन्न हुआ

**भरतपुर** (निसं)। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा भरतपुर उत्तर पश्चिम क्षेत्र के राजस्थान (पूर्व) प्रान्त की वर्ष 2026-27 की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं कार्यशाला का आयोजन अमर विलास पैलेस होटल, कंजोली लाइन के पास भरतपुर में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा भरतपुर के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

प्रान्त एवं प्रेस समन्वयक इं. राजेन्द्र डंडौतिया ने बताया कि कार्यशाला के उदघाटन सत्र में संदीप बालदी क्षेत्रीय महासचिव, डॉ. शिवदयाल मंगल, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव, हर्षवर्धन शर्मा प्रान्तीय संरक्षक, हेमन्त गर्ग प्रान्तीय अध्यक्ष, डॉ. धर्मेन्द्र मित्तल प्रान्तीय महासचिव, सीए राहुल गुप्ता प्रान्तीय वित्त सचिव, मुनीष अठावाल अध्यक्ष भरतपुर मुख्य शाखा द्वारा उदबोधन, स्वागत भाषण दिये जायेंगे।

इस सत्र में कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण के पश्चात प्रान्त के भविष्य की योजना, कार्यशाला के उद्देश्य, भारत विकास परिषद के लक्ष्य, उद्देश्य और दर्शन, अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष की भूमिका पर चर्चा की गई। जिसमें कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण धर्मेन्द्र मित्तल द्वारा कराई गई। अन्य गतिविधि प्रमुखों को दायित्व ग्रहण डॉ. शिवदयाल मंगल द्वारा कराया गया। प्रान्तीय सचिव धर्मेन्द्र कमित्तल द्वारा प्रान्त के भविष्य की योजनाओं जैसे विकलांग सहायता, स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान, नेत्रदान,देहदान, स्थाई प्रकल्प स्थापित करने, कन्याओं के लिए आत्मरक्षा के कार्यक्रम, संस्कार शिविर, तुलसी पोधा का वितरण आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. शिवदयाल मंगल प्रान्तीय महासचिव ने बताया कि हम कई वर्षों से सेवा कार्य कररहे हैं एवं कार्यशाला में वरिष्ठजनों के अनुभव के आधार पर नई बातें सीखने को मिलती हैं व कार्य में उत्कृष्ठता आती है। दूसरे सत्र में संदीप बालदी,डॉ. शिवदयाल मंगल के अतिरिक्त हरिप्रसाद शर्मा, राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य-सम्पर्क उमेश सिंघल, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक पर्यावरण एवं हेमन्त गर्ग प्रान्तीय अध्यक्ष, लक्ष्मी नारायन उपाध्यक्ष, अनिल लोहिया उपाध्यक्ष के द्वारा शाखा के संचालन, बैठक और कार्यवाही योजना, शाखा के दायित्वधारियों और प्रभारी में समन्वय, शाखा स्तर पर बैंक खातों की स्थिति, एओपी के गठन की स्थिति, बीवीपी एप का प्रभावी उपयोग, शाखा स्तर पर वित्तीय प्रबन्धन, बुक कीपिंग, रिकार्ड, बजट व बैलेंस शीट तैयार करना, वर्ष 2026-27 के लिये शाखाओं एवं सदस्यता के विस्तार के लक्ष्यों पर व्याख्यान दिया गया। प्रान्तीय सम्पर्क गतिविधि प्रमुख द्वारा सम्पर्क पखवाडा 1 जून से 15 जून तक मनाने हेतु विस्तार से चर्चा की गई। प्रान्तीय गतिविधि संयोजक देवेन्द्र जी द्वारा सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में कौन कौन से कार्य हो सकते हैं उनकी विस्तार से जानकारी दी गई।

नेत्रदान, देहदान, रक्तदान शिविर आदि आयोजित करने हेतु आव्हान किया गया। संजय प्रान्तीय गतिविधि संयोजक संस्कार गतिविधि द्वारा विस्तार से व्याख्यान दिया गया। भारत विकास परिषद का संगठनात्मक स्वरूप नियम एवं विनिमय बैक्ठकों व कार्यक्रमों का प्रोटोकोल विषय पर संदीप बालदी क्षेत्रीय महासचिव द्वारा पीपीटी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में खुला सत्र आयोजित किया गया और अंत में मनीष अठावाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### महा प्रशिक्षण अभियान जारी

**टोडाभीम** (निसं)। मेहंदीपुर बालाजी स्थित बर्फानी धाम में आयोजित भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के द्वितीय दिवस विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ हुआ। भाजपा जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालोत्री ने बताया कि एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती एवं राष्ट्रवाद की विचारधारा पर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संगठन का सबसे बड़ा स्तंभ कार्यकर्ता होता है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना भाजपा की प्राथमिकता है प्रशिक्षण वर्ग में संगठन विस्तार, राष्ट्रवाद, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास, सामाजिक न्याय एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ. मनोज राजोरिया, जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन, पूर्व विधायक रमेश मीणा, राजकुमारी जाटव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी की चपेट में बयाना, बाजारों में पसरा सन्नाटा

■ अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

■ मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बयाना सहित भरतपुर जिले के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया

**बयाना, भरतपुर** (निसं)। बयाना सहित भरतपुर जिले में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। आसमान से बरस रही आग और तपती हवाओं ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बयाना सहित भरतपुर जिले के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जो आने वाले दिनों में और बढ़ सकता है।

विभाग ने अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने तथा तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी की संभावना जताई है। शनिवार को बयाना में अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे लोगों का दिन में घरों से निकलना मुश्किल हो गया। मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान के कई इलाकों में लू चलने की चेतावनी भी जारी की है। वहीं पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की गई है। तेज गर्मी का असर अब बयाना कस्बे की सड़कों और बाजारों में साफ दिखाई देने लगा है। दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। आम दिनों में चहल-पहल से भरे रहने वाले बाजार अब वीरान नजर आ रहे हैं। अधिकतर लोग तेज धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए घरों में ही रहने को मजबूर हैं। मुख्य सड़कों पर भी आवाजाही कम हो गई है। दुकानदारों का कहना है कि दोपहर के समय ग्राहक नहीं आने से कारोबार प्रभावित हो रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही ठंडे पेय पदार्थों की मांग में भी भारी बढ़ोतरी देखी जा रही है। लोग सुबह से ही गन्ने के जूस, शिकंजी, ठंडे पानी और अन्य पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। शहर के जूस सेंटरों और ठंडे पेयजल की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

भीषण गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर रूप से पड़ रहा है। बयाना उप जिला अस्पताल में इन दिनों मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अस्पताल की ओपीडी में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। गर्मी, डिहाइड्रेशन, बुखार और उल्टी-दस्त जैसी समस्याओं से पीड़ित लोग उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। हालत यह है कि अस्पताल के वार्डों में एक-एक बेड पर दो से तीन मरीज भर्ती करने की नौबत आ गई है। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर के समय घरों से बाहर नहीं निकलने, अधिक से अधिक पानी पीने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है। प्रशासन भी लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील कर रहा है।

### परशुराम जयंती व प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर ग्रह्मण समाज की बैठक सम्पन्न

**बयाना, भरतपुर** (निसं)। बयाना कस्बे के बस स्टैंड स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला में रविवार को ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजाराम उपाध्याय ने की। बैठक में आगामी 24 मई को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर तथा 21 जून को प्रस्तावित प्रतिभा सम्मान समारोह एवं भगवान परशुराम जयंती समारोह को लेकर विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है और इससे जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है। समाज के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविर में भाग लेकर रक्तदान करने का आ ान किया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है तथा यह मानव सेवा का श्रेष्ठ कार्य है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 मई को आयोजित रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए समाज के युवाओं एवं विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। इसके साथ ही आगामी 21 जून को समाज के मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में भगवान परशुराम जयंती समारोह को भी इस वर्ष भव्य एवं उत्साहपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक आयोजन, शोभायात्रा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किए जाने पर भी चर्चा हुई।

## रीठौली प्रीमियर लीग में टोडूपुरा, कोंडर और जाटकीसराय टीमों ने दर्ज की शानदार जीत

**हिंडौन सिटी** (निसं)। रीठौली प्रीमियर लीग सीजन-4 रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार रात्रि खेले गए मुकाबलों में बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला।

टोडूपुरा के मनकेश मीणा और जाटकीसराय के वीरू गुर्जर ने विस्फोटक शतकीय पारियां खेलकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता में टोडूपुरा, कोंडर और जाटकीसराय की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के दिनेश ठेकेदार, प्रधान मीणा एवं मीडिया प्रभारी हेमराज जगरवाड़ ने बताया कि पहले मुकाबले में टोडूपुरा टीम ने राजौर को 92 रन के बड़े अंतर से पराजित किया। टोडूपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 167 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के ओपनर बल्लेबाज एवं मैन ऑफ द मैच मनकेश मीणा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 27 गेंदों में 102 रन की शानदार शतकीय पारी खेली और प्रतियोगिता का पहला शतक जमाया। उनकी पारी में आकर्षक चौके-छक्कों की बरसात देखने को मिली। वहीं दूसरे छोर से अन्नु ने भी तेजतर्रार बल्लेबाजी करते हुए 17 गेंदों में 46 रन बनाए। 168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजौर टीम 10 ओवर में 5 विकेट पर केवल 85 रन ही बना सकी। टीम की ओर से महेंद्र ने 17 और रिंकू ने 13 रन बनाए। इस प्रकार टोडूपुरा ने मुकाबला 92 रन से अपने नाम कर लिया। दूसरे मुकाबले में कोंडर टीम ने खेड़ा जमालपुर को 30 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोंडर ने निर्धारित 10 ओवर में 108 रन बनाए। यसन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 51 रन बनाए, जबकि पुष्पेंद्र ने 17 रन का योगदान दिया।

### मुख्यमंत्री का किया आभार

**भरतपुर** (निसं)। रविवार को संस्था की एक मीटिंग संस्था के अध्यक्ष मेघराज मुखिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस मीटिंग में हीरादास से कुम्हेर गेट चौराहे को 100 फीट का रोड बनाने की घोषणा करने पर सभी दुकानदारों ने तथा बस यूनियन के सभी सदस्यों ने राजसथान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व जिला प्रशासन का आभार व धन्यवाद प्रेषित किया क्योंकि इससे दुकानदारों की रोजी रोटी का साधन बन जायेगा। सभी सदस्यों ने राजस्थान सरकार व भरतपुर जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया व इसी तरह सरकार व्यापारियों का हित का ध्यान रखकर भरतपुर का विकास करें जिससे व्यापारी सरकार के साथ सहयोग करेंगे।

### डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने डीग जिले में चलाया जागरूकता अभियान

■ घर-घर पहुंची स्वास्थ्य टीमें, कूलर-टंकियों की जांच कर डाला टेमीफोस, हर रविवार 'ड्राई डे' मनाने की अपील

**डीग, भरतपुर** (निसं)। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर डीग जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिले के सभी चिकित्सालयों और स्वास्थ केंद्रों पर डेंगू से बचाव और लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर सर्वे किया तथा लोगों को डेंगू से बचाव के उपाय बताए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार सिंघल ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घरों में पानी के स्त्रोतों, कूलरों, टंकियों, पुराने बर्तनों और अन्य स्थानों की जांच की गई, जहां पानी जमा होने की संभावना रहती है। जांच के दौरान जहां भी मच्छरों का लार्वा मिला, वहां टेमीफोस दवा और नालियों में एम एल ओ डाली गई तथा लोगों को पानी खाली करवाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को बताया कि डेंगू का मच्छर साफ और ठहरे हुए पानी में पनपता है। ऐसे में घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देना ही सबसे प्रभावी बचाव है। विभाग की ओर से लोगों से प्रत्येक रविवार को 'ड्राई डे' के रूप में मनाने की अपील की गई, ताकि पानी के बर्तनों, कूलरों और टंकियों को खाली कर सुखाया जा सके। डॉ. रामअवतार शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, बदन दर्द या कमजोरी जैसी समस्या हो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें और स्वयं दवा लेने से बचें।

### ग्राम विकास अधिकारी संघ का चुनाव

**करौली** (निसं)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ जिला करौली की जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन रविवार को संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक कृष्ण कुमार तोमर एवं निर्वाचन अधिकारी श्रीभान सिंह गुर्जर के निर्देशन में आयोजित हुई। निर्वाचन में सर्वसम्मति से शैलेंद्र सिंह जादौन को तीसरी बार जिला अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा चंदन सिंह वैनीवाल को उपाध्यक्ष, प्यार सिंह मीना को जिला मंत्री, नैमसिंह मीना को प्रदेश प्रतिनिधि, अशोक गुप्ता को संयुक्त मंत्री, विशाल सिंह को संगठन मंत्री तथा कृष्णानंद शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

## शिक्षा से ही समाज का विकास संभव: हाजी जीमल खान

**गंगापुर सिटी** (निसं)। मिरासी समाज की ओर से रविवार को कल्याणजी गेट के पास स्थित गोविंद पैलेस मैरिज गार्डन में विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मदरसा जामीअतुल बनात बरकते फातिमा के 50 से अधिक प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने शिक्षा को बढ़ावा देने तथा सामाजिक कुरीतियों को छोड़ने का संकल्प लिया। वक्ताओ ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज की तरक्की का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने जोर दिया कि जो समाज शिक्षा से दूर रहेगा, वह विकास की दौड़ में पीछे रह जाएगा। विधायक ने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना हर परिवार की जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम का संचालन अब्बासी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी जमील खान ने किया। उन्होंने परिवारों से आग्रह किया कि एक रोटी कम खानी पड़े तो भी बच्चों को जरूर पढ़ाना चाहिए। मिरासी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशरफ अली मीर ने समाज में फिजूलखर्ची रोकने का आह्वान करते हुए माल और साफा जैसी परंपराओं का बहिष्कार करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन पर होने वाला खर्च गरीब बच्चों की शिक्षा पर लगाया जाएगा। इस दौरान कमेटी की ओर से मौलाना जाकिर हुसैन को 51 हजार रुपए का चेक भी भेंट किया गया। राष्ट्रीय सचिव छुट्टन खां ने कम खर्चीली शादियों पर जोर दिया, जबकि राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सबदल खान ने शिक्षा को समाज की तरक्की का आधार बताया। राष्ट्रीय शिक्षा सचिव रुस्तम अली खान ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। समारोह में डॉ. अकरम, इस्माइल पीसीसी सदस्य, सहित कई गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान किया गया।

### ड्राइवरों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, पुलिस ने लगाया जांच शिविर

**गंगापुर सिटी** । भरतपुर रेंज के विशेष अभियान ष्जीवन रक्षा-सड़क सुरक्षाष के तहत उदेई मोड़ थाना पुलिस ने रविवार को वाहन ड्राइवरों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। 4 मई से 31 मई तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना, मृत्यु दर घटाना और यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है।

पुलिस अधीक्षक श्रेष्ठा मैत्रेयी के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार राजौरा एवं वृत्ताधिकारी गिर्राज प्रसाद मीना के सुपरविजन में थाना प्रभारी बृजेश सिंह तंवर ने इस शिविर की व्यवस्था की। डॉक्टरों की टीम ने वाहन ड्राइवरों की आंखों और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में सीपी हॉस्पिटल मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ केयर सेंटर, गंगापुर सिटी के डॉक्टरों की टीम ने वाहन ड्राइवरों की आंखों और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की। जांच के बाद उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिए गए। इस दौरान, वाहन ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया गया और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष रूप से, दोपहिया वाहन ड्राइवरों को 'नो हेलमेट-नो राइड' की संस्कृति अपनाने का संदेश दिया गया।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन

■ जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दियांशी खंडेलवाल को लैपटॉप, द्वितीय स्थान पर संजय खंडेलवाल को टैबलेट,तथा तृतीय स्थान पर आध्या खंडेलवाल को मोबाइल दिया गया

**भरतपुर** (निसं)। खंडेलवाल युवा वैश्य समिति जिला भरतपुर एवं डीग के द्वारा जिला सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष निखिल खंडेलवाल (भरतपुर) ने बताया कार्यक्रम की शुरूआत गणेश जी और संत सुंदरदास महाराज के दीप प्रज्ज्वलन से की गई।

गणेश वंदना की शुरुआत समाज की बेटी, भूमि खंडेलवाल के द्वारा गणेश वंदना के निर्त्य से शुरुआत हुई। सामान्य ज्ञान का पेपर में कैलाश नाटाणी कुम्हेर वालों की निगरानी में पेपर कराया गया जो की 12:30 बजे समाप्त हुआ पेपर के बाद 1:00 बजे से शहनाई मैरिज होम रणजीत नगर में खंडेलवाल गन के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में भरतपुर डीग इकाई से कुम्हेर, नदबई, जनूथर, बृज नगर, सीकरी, गोपालगढ़, पहाड़ी, जुरहरा, कामवन, डीग, भरतपुर जगह के अध्यक्ष मंत्री एवं खंडेलवाल समाज के बंधुओ ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। प्रतिभा सम्मान के बाद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का रिजल्ट पेपर संयोजक के द्वारा मंच पर सभी के समक्ष पेश किया गया जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दियांशी खंडेलवाल को लैपटॉप, द्वितीय स्थान पर संजय खंडेलवाल को टैबलेट, तथा तृतीय स्थान पर आध्या खंडेलवाल को मोबाइल दिया गया, साथी हमारे खंडेलवाल समाज के बुजुर्ग शिवलाल खंडेलवाल दिल्ली वालों की तरफ से दसवीं क्लास में सर्वाधिक अंक लाने वाली बच्ची के लिए उनकी तरफ से प्रतीक चिन्ह एवं पुरस्कार राशि उनको सुप्रीम भेंट की गई यह राशि उनकी पुत्री कुसुम रावत एवं दामाद रावत के द्वारा दी गई

प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं और 12वीं के 90: और उससे अधिक अंक प्राप्त करने विद्यार्थियों को और सरकारी पदों पर चयनित विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंकित खंडेलवाल जयपुर ,कार्यक्रम अध्यक्ष हरिशंकर मुसद्दी (पूर्व अध्यक्ष खंडेलवाल युवक संघ भरतपुर), अतिविशिष्ट अतिथि एडवोकेट शिवचरण पीतलिया भरतपुर , विशिष्ट अतिथि ललतेश गुप्ता डीग एवं विजय कुमार गुप्ता भरतपुर, सीताराम गुप्ता ( निर्देशक समृद्ध भारत अभियान) एवं कुसुम रावत रही। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान समाज को एकजुट रखने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने एवं बच्चों को पढ़ाई के बारे में तथा पढ़ाई के साथ साथ सामाजिक व्यवहार जनरल नॉलेज की जानकारी का भी महत्व बताया गया। कार्यक्रम के दौरान खंडेलवाल युवा वैश्य समिति सभी युवा साथियों के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### बृज भाषा बचाओ संघर्ष समिति का किया गठन

**भरतपुर** (निसं)। राजस्थान की शिक्षा व्यवस्था में राजस्थानी भाषा को लागू किए जाने से बृज भाषा क्षेत्र पर पड़ने वाले संभावित दुष्परिणामों को लेकर महाराजा सूरजमल पार्क में एक महत्वपूर्ण बैठक का कवि सुघड़ सिंह सुग्गा अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक में बृज क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों, शिक्षाविद्, युवाओं एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में छात्र नेता विष्णु खेमरा और कौशल पथेना ने कहा कि बृज भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि ब्रज क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक अस्मिता का आधार है। वक्ताओं ने चिंता व्यक्त की कि यदि शिक्षा व्यवस्था में बृज भाषा की उपेक्षा कर केवल राजस्थानी भाषा को लागू किया जाता है, तो इससे बृज क्षेत्र के विद्यार्थियों और युवाओं को भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों में नुकसान उठाना पड़ सकता है। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बृज भाषा, संस्कृति और क्षेत्रीय अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संजू सिनसिनी, गोपाल फौजदार, राहुल फौजदार, प्रदीप विक्रम अटारीपूरा, भीम सिंह झीलरा, गौरव फौजदार, विष्णु देवेंद्र सिंह मई ने अपने विचार व्यक्त किये।